Menka

बिहार सरकार
ग्रामीण कार्य विभाग

पत्रांक-13/अ0प्र0-01-02/2024 3296 पटना, दिनांक 21.3.25

प्रेषक,

आदित्य प्रकाश
सरकार के अवर सचिव।

आंतरिक वित्तीय सलाहकार द्वारा अनौपचारिक रूप से परामर्शित

सेवा में,

महालेखाकार
वीरचन्द पटेल पथ, बिहार, पटना।

विषयः- मांग संख्या-37 के अन्तर्गत मुख्य शीर्ष-3054- सड़क तथा सेतु- उप मुख्य शीर्ष -04-जिला तथा अन्य सड़कें-लघु शीर्ष -105- रख-रखाव तथा मरम्मत-उपशीर्ष 0001-ग्राम सड़क- अन्य रख-रखाव व्यय के 27 02 सड़क अनुरक्षण इकाई मद में वित्तीय वर्ष 2024-25 में तृतीय अनुपूरक से प्राप्त राशि 50000.00 लाख के उपरांत संशोधित प्रावधान ₹ **310000.00 लाख (तीन हजार एक सौ करोड़) रू0 मात्र** के विरूद्ध राशि ₹ **48500.00 लाख (चार सौ पचासी करोड़) रू0 मात्र** की राशि ब्राडा के पी0एल0/लेजर में संधारण हेतु व्यय की स्वीकृति के संबंध में।

महाशय,

उपर्युक्त विषयक संबंध में कहना है कि मुख्य शीर्ष-3054- सड़क तथा सेतु -उप मुख्य शीर्ष -04-जिला तथा अन्य सड़कें-लघु शीर्ष -105-रख-रखाव तथा मरम्मत-उपशीर्ष 0001-ग्राम सड़क- अन्य रख-रखाव व्यय के 27 02 सड़क अनुरक्षण मद में वित्तीय वर्ष 2024-25 में तृतीय अनुपूरक से प्राप्त राशि 50000.00 लाख (**पाँच सौ करोड़**) के उपरांत संशोधित प्रावधान ₹ **310000.00** लाख (**तीन हजार एक सौ करोड़**) **रू0 मात्र** के विरूद्ध बिहार ग्रामीण पथ अनुरक्षण नीति-2018 के तहत निर्मित पथों के भुगतान हेतु ₹ 40000.00 लाख (चार सौ करोड़) रू0 मात्र ब्राडा के **Ledger ID- 7069** में, बिहार ग्रामीण पथ अनुरक्षण नीति-2018 अन्तर्गत पथों में कराये गये कार्य के पंचवर्षीय अनुरक्षण हेतु ₹ 2000.00 लाख (बीस करोड़) रू0 मात्र ब्राडा के **Ledger ID- 15872** में, **MMGSY Maintenance New** हेतु ₹ 4000.00 लाख (चालीस करोड़) रू0 मात्र ब्राडा के **Ledger ID- 406** में, एवं **FDR Temporary Restoration** हेतु ₹ 2500.00 लाख (पच्चीस करोड़) रू0 मात्र ब्राडा के **Ledger ID- 16289** में अर्थात कुल राशि ₹ 48500.00 लाख (**चार सौ पचासी करोड़**) **रू0 मात्र** की व्यय की स्वीकृति प्रदान की जाती है। जिसका विपत्र कोड 37- 3054041050001 है।

2. वित्त विभाग, बिहार, पटना के यथा निदेश एवं समय-समय पर बंधेज के अनुसार निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी, अभियंता प्रमुख का कार्यालय, पटना उक्त

राशि की निकासी कर बिहार ग्रामीण पथ विकास एजेंसी [Bihar Rural Roads Development Agency] पटना के CFMS Deposit Account- PNBPLA004 (CTMIS PL Account-PLA239) के निर्धारित लेजर में संधारित करेगें।

3. इस राशि का व्यय मांग संख्या-37 मुख्य शीर्ष-3054- सड़क तथा सेतु -उप मुख्य शीर्ष -04-जिला तथा अन्य सड़कें-लघु शीर्ष -105-रख-रखाव तथा मरम्मत-उपशीर्ष 0001-ग्राम सड़क- अन्य रख-रखाव व्यय के 27 02 सड़क अनुरक्षण मद में विकलनीय होगा।

4. स्वीकृत राशि का व्यय बिहार ग्रामीण पथ अनुरक्षण नीति-2018 एवं अन्य योजना अन्तर्गत सक्षम प्राधिकार द्वारा स्वीकृत परियोजनाओं में ही किया जाएगा।

5. उक्त द्वारा उपलब्ध कराये गये राशि का उपयोगिता प्रमाण पत्र संबंधित एजेन्सी के द्वारा महालेखाकार को भेजते हुए ग्रामीण कार्य विभाग को भी उपलब्ध करायेंगे।

6. यह स्वीकृत्यादेश वित्त विभाग के परिपत्र संख्या 2561 वि0 (2) दिनांक-17.04.1998, पत्रांक ब-15/बी0एस0जी0-09/2024-214 दिनांक-06.03.2024 एवं पत्रांक- 730 दिनांक-09.12.2024 एवं 206 दिनांक-18.03.2025 के आलोक में निर्गत किया जायेगा।

7. बिहार वित्तीय नियमावली (भाग-1) के नियम 475ए बजट मैनुअल एवं अन्य सुसंगत अभिलेखों में निहित प्रावधानों तथा राज्य सरकार द्वारा समय-समय पर निर्गत अनुदेशों को ध्यान में रखते हुये दृढ़तापूर्वक पालन किया जाए, ताकि व्यय पर वास्तविक रूप से नियंत्रण रखा जा सके।

8. आंतरिक वित्तीय सलाहकार की सहमति संचिका संख्या-13/अ0प्र0-01-02/2024 के पृष्ठ संख्या -43/टि0 पर दिनांक-19.03.2025 को प्राप्त है।

9. इस राशि के व्यय की स्वीकृति माननीय मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग से संचिका संख्या-13/अ0प्र0-01-02/2024 के पृ0-44/टि0 पर दिनांक-19.03.2025 को प्राप्त है।

विश्वासभाजन

21/3/25

सरकार के अवर सचिव

ज्ञापांक -13/अ0प्र0-01-02/2024 3296 /पटना, दिनांक 21.3.25

प्रतिलिपिः- कोषागार पदाधिकारी, सचिवालय कोषागार, निर्माण भवन कोषागार, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

21/3/25

सरकार के अवर सचिव

ज्ञापांक -13/अ0प्र0-01-02/2024 3296 /पटना, दिनांक 21.3.25

प्रतिलिपिः- माननीय मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग के आप्त सचिव, ग्रा0का0वि0/ अपर मुख्य सचिव के प्रधान आप्त सचिव, ग्रा0का0वि0/ अपर मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी-सह-सचिव, ब्राडा/ विशेष सचिव के आप्त सचिव, ग्रा0का0वि0/ संबंधित जिला पदाधिकारी, बिहार/ सभी मुख्य अभियंता, ग्रा0का0वि0, बिहार, पटना/ निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी, अभियंता प्रमुख का कार्यालय, ग्रा0का0वि0, बिहार, पटना/ सभी अधीक्षण अभियंता, ग्रा0का0वि0/ सभी कार्यपालक अभियंता, ग्रा0का0वि0/ संबंधित नोडल पदाधिकारी, ग्रा0का0वि0/ वित्त विभाग (बजट शाखा) एवं योजना एवं विकास विभाग (योजना शाखा), बिहार, पटना एवं प्रशाखा पदाधिकारी-12 (लेखा शाखा) को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

21/3/25

सरकार के अवर सचिव